01.

राजस्थान : संक्षिप्त अवलोकन

1. राजस्थान के उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम विस्तार में अन्तर है-

(a) 41 किलोमीटर (b) 42 किलोमीटर
(c) 40 किलोमीटर (d) 43 किलोमीटर

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (d) : राजस्थान भारत का सबसे बड़ा (क्षेत्रफल की दृष्टि से) राज्य है। राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 342,239 वर्ग किमी. है। इसका उत्तर से दक्षिण का विस्तार 826 किमी. तथा पूर्व से पश्चिम का विस्तार 869 किमी. है। अतः दोनों का अन्तर 43 किमी. है। इसलिए विकल्प (d) सही है।

2. राजस्थान में कुल वन क्षेत्र है

(a) 32,488 वर्ग कि.मी. (b) 32, 701वर्ग कि.मी.
(c) 30,640 वर्ग कि.मी. (d) 36,225 वर्ग कि.मी.

RPSC-2011

Ans. (b) : भारतीय वन सर्वेक्षण-राज्य वन रिपोर्ट 2021(ISFR-2021) के अनुसार राजस्थान में लगभग 32,863 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र (RFA) दर्ज किया गया है। यह वन क्षेत्र राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 9.60प्रतिशत और भारत के वन क्षेत्र का लगभग 4.23 प्रतिशत भाग शामिल है। अतः विकल्प (b) सही है।

3. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले की अंतर्राष्ट्रीय सीमा सबसे छोटी है?

(a) जैसलमेर (b) बीकानेर
(c) बाड़मेर (d) गंगानगर

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

RPSC-2020

Ans. (b) : राजस्थान भारत के पश्चिम में स्थित राज्य है। इसकी सीमा पाकिस्तान से लगती है। राजस्थान का बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर और गंगानगर जिला पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाते है। इसमें बीकानेर की सीमा (168 कि.मी.) सबसे कम अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाती है। सबसे अधिक जैसलमेर (464 कि.मी.) की सीमा बनाती है।

4. 'भारत के मरूस्थलीकरण एवं भूअवनयन एटलस (इसरो-2007)' के अनुसार राजस्थान में मरूस्थलीकरण से प्रभावित क्षेत्र है

(a) 70% (b) 67%
(c) 65% (d) 59%

RPSC-2017

Ans. (b) : भारत के मरूस्थलीकरण एवं भूअवनयन एटलस (इसरो-2007) के अनुसार राजस्थान में मरूस्थलीकरण से प्रभावित क्षेत्र 67प्रतिशत है। राजस्थान में मरूस्थल का विस्तार जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर,चुरू,जोधपुर,नागौर, पाली एवं जालौर आदि जिलो में है।

5. निम्न में से जिस जिले की सीमा गुजरात से स्पर्श नहीं करती है, वह हैः

(a) प्रतापगढ़ (b) जालोर
(c) बाड़मेर (d) डूँगरपुर

RPSC-2017

Ans. (a) : राजस्थान के छः जिलों (बाड़मेर जालौर, सिरोही उदयपुर, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा) की सीमा गुजरात से लगती है। प्रतापगढ़ की सीमा मध्य प्रदेश से लगती है।

6. 'भोराट पठार' जिसके मध्य स्थित है, वह है

(a) अचलगढ़ एवं तारागढ़ (b) गोगुन्दा एवं बैराठ
(c) कुम्भलगढ़ एवं गोगुन्दा (d) जरगा एवं अचलगढ़

RPSC-2017

Ans. (c) : भोराट का पठार उदयपुर के उत्तर-पश्चिम में गोगुन्दा व कुंभलगढ़ के बीच स्थित है। उड़िया पठार राजस्थान का सबसे ऊँचा पठार है, जो गुरू शिखर से नीचे स्थित है।

7. 1800 ईस्वी में किस विद्वान ने प्रथम बार वर्तमान राजस्थान क्षेत्र के लिए राजपूताना नाम का उपयोग किया?

(a) कर्नल टॉड (b) जार्ज थॉमस
(c) मैक्स मूलर (d) वी. स्मिथ

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (b) : 1800 ई. में जार्ज थॉमस ने प्रथम बार वर्तमान राजस्थान क्षेत्र के लिए राजपूताना नाम का उपयोग किया। इस तथ्य की जानकारी जार्ज थॉमस की पुस्तक 'ए मिलिट्री मेम्बायर्स ऑफ जार्ज थॉमस' (1805) से मिलती है। कर्नल जेम्स टार्ड 1829 ई. लन्दन से प्रकाशित एनल्स एण्ड एन्ड्री क्यूटि ऑफ राजस्थान सेन्ट्रल एण्ड वेस्टर्न राजपूत स्टेट ऑफ इण्डिया में रास्थान शब्द का प्रयोग किया था।

8. निम्नलिखित में से किस जिले में अन्तर्राष्ट्रीय और अन्तर्राज्यीय सीमा दोनों हैं?

(a) हनुमानगढ़ (b) बाड़मेर
(c) जालौर (d) बीकानेर

House Keeper 2022_09.07.2022

Ans. (b) : राजस्थान के दो ऐसे जिले हैं जिनसे अन्तर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमा लगती है–
(1) गंगानगर पाकिस्तान व पंजाब
(2) बाड़मेर पाकिस्तान व गुजरात

9. नीचे दिये गये राजस्थान के जिलों में से किसकी सीमा पाकिस्तान से नहीं लगती?

(a) श्रीगंगानगर (b) जोधपुर
(c) जैसलमेर (d) बाड़मेर

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (b) : राजस्थान राज्य के चार जिलों की कुल 1070 किमी. की सीमा (रेडक्लिफ लाइन) पाकिस्तान के साथ लगती है, जिसमें जोधपुर शामिल नहीं है। राजस्थान के ये चार जिले हैं-

(i)	जैसलमेर	-	464 किमी.
(ii)	बाड़मेर	-	228 किमी.
(iii)	श्रीगंगानगर	-	210 किमी.
(iv)	बीकानेर	-	168 किमी.